तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 18 जुलाई 2024



11 पांडुका में जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने की मांग





12 स्कूल मैदान बारिश होने पर बना तालाब







प्रवेश प्रारंभ

BCA PGDCA DCA B.P.Ed. B.P.E.

PG Diploma in Yoga Edu.

AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त

(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)

नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर


# एसडीएम कार्यालय की छत का प्लास्टर टूटकर गिरा, बाल- बाल बचे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अलग खबर

गरियाबंद जिले के मैनपुर को लगभग 05 वर्ष पहले राजस्व अनुविभाग का दर्जा मिला है। तब से एसडीएम कार्यालय का संचालन जर्जर हो चुके पुराने अस्पताल भवन में किया जा रहा है। मंगलवार को दोपहर 3 बजे के आसपास एसडीएम कार्यालय मैनपुर में जब फरियादियों की भीड़ लगी थी, तभी अचानक छत का प्लास्टर टूटकर गिर गया। छत के प्लास्टर टूटकर गिरने से किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

**खास बातें**

- जर्जर हो चुके पुराने अस्पताल भवन में 5 सालों से हो रहा संचालित
- एसडीएम नए कार्यालय भवन का कार्य अब तक अधूरा





### मरम्मत कराएंगेः एसडीएम

मैनपुर एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम ने बताया कि कार्यालय भवन जर्जर हो गया है। नये भवन का कार्य जल्द पूरा होगा। अभी मरम्मत करवाई जाएगी क्योंकि बारिश में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

एसडीएम कार्यालय में कार्य करने वाले कर्मचारी हमेंशा डर में कार्य करते नजर आते है।इस जर्जर भवन की छत गिरने का हमेशा अंदेशा बना रहता है। लगभग 30 साल पहले इस अस्पताल भवन का निर्माण किया गया था। बेहद जर्जर होने के कारण ही अस्पताल 6 वर्ष पहले नये भवन में संचालित किया जा रहा है। नगर में जगह के अभाव में इस जर्जर हो चुके भवन में एसडीएम कार्यालय का संचालन किया जा रहा है। साथ ही कार्यालय के सामने नये भवन का निर्माण कार्य भी किया जा रहा है। नये भवन का निर्माण अब तक हो जाना था, लेकिन वह अधूरा है।

## खबर संक्षेप

### पंडरीपानी गोंड़ में किसानों को बीज का वितरण

**रसेला।** परम्परागत कृषि विकास योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरीपानी गोंड के कृषकों को खरीफ में लगाने के लिए दलहन फसल उड़द बीज का वितरण क्षेत्र के जनपद सदस्य श्रीमती सतबती सोरी, सरपंच बिगेंद्र सोरी, उप सरपंच तुलाराम द्वारा किया गया। क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय बघेल द्वारा कृषकों को दलहन फसल लगाने की विधि, फसल लगाने से मृदा में होने वाले लाभ तथा फसल में संतुलित उर्वरक का उपयोग करने की विधि वा फसल में लगाने वाले किट एवं रोग का प्रबंधन कैसे करना हैं इसकी जानकारी विस्तार से दिया गया। बीज को बोने से पूर्व फफुंदनाशक दवाई व कल्चर से उपचार करके सीधी लाइन से बोने की सलाह दिया गया। वितरण कार्यक्रम में ग्राम पंद्रीपनी गोंड, छिंदोली, और छतरमड़ई के कृषक जगन सोरी, रायमति, फूलबटी, मंगल,वरुण,नकुल,गजराज,भारती ,गणेश,पिलामोटी,भूमिका,कार्तिक, जोधन,देबन,चमरा,जगन्नाथ,गैंदसुंह,जगदश,पुनित,केक्टू,रैनू,धनबाई,तमधर,गंगाराम,तुलसीराम,गोविंद,अमरसिंह, डमरूधर आदि कृषक उपस्थित थे।

### अश्वनी को योग विषय पर मिली पीएचडी

**मुड़ागांव(कोरासी)।** देव संस्कृति विश्वविद्यालय के योग विभाग द्वारा



अश्वनी कुमार साहू पिता सीताराम साहू को योग विषय के अंतर्गत पीएचडी अवार्ड की गई। उन्होंने अपना शोध कार्य तनाव प्रबंधन में सूर्य नमस्कार एवं भ्रामरी प्राणायाम का प्रभाव विषय पर पूर्ण किया। यह शोध कार्य अश्वनी कुमार साहू ने योग विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉक्टर रंजना मिश्रा के निर्देशन में पूर्ण किया। इस उपलब्धि के लिए माता-पिता और उसके सभी मित्र और परिवार के सभी सदस्यों का योगदान रहा।

### जुआ फड़ पर छापा, 6 लोगों से एक लाख से ज्यादा जब्त

**महासमुंद।** खल्लारी पुलिस ने जंगल में चल रहे जुआ फड़ पर कार्रवाई करते हुए 6 लोगों से 1 लाख रुपए ज्यादा की रकम जब्त करते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की है. पुलिस ने बताया कि 16 जुलाई को सूचना मिली कि बीकेबाहरा से चंडी मंदिर जाने वाले रास्ते के जंगल में कुछ व्यक्ति जुआ खेल रहे हैं।

**निरीक्षण:** कलेक्टर-एसपी ने चिंगरापगार जलप्रपात स्थल का लिया जायजा

# रिमझिम बारिश के बीच पहुंचे अफसर, जलभराव व फिसनभरी चट्टानों से किया लोगों को सावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्राकृतिक और वनांचल क्षेत्रों से आच्छादित गरियाबंद जिले के राजिम गरियाबंद मार्ग में स्थित बारूका गांव में चिंगरापगार जलप्रपात पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिद्ध है। पर्यटकों के सुविधा के लिए व्यवस्थित करने, आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था करने तथा प्राकृतिक स्थल में स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले ने आज चिंगरा पगार जलप्रपात स्थल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने रिमझिम बारिश के बीच वहां आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था एवं पर्यटकों की सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पर्यटन स्थल को प्राकृतिक रूप में रखने, दूषित नहीं करने एवं साफ सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बारिश के मौसम में जलप्रपात स्थल में पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पर्यटकों की गाड़ियों के लिए व्यवस्थित पार्किंग, चेंजिंग रूम, नदी के दोनो किनारे रस्सी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यटकों से अधिक जलभराव की स्थिति एवं पत्थरों से सावधानी बरतने की भी अपील की। इस दौरान वन मंडलाधिकारी लक्ष्मण सिंह, अतरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चंद्राकर, एसडीएम विशाल महाराणा, डीएसपी सुश्री निशा सिन्हा एसडीओ मनोज चंद्राकर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

- पर्यटन स्थल को प्राकृतिक रूप में रखने, दूषित नहीं करने के दिए निर्देश
- मनोरम दृश्य से परिपूर्ण लगभग 110 फीट की ऊंचाई से गिरता है जलप्रपात



### पर्यटन स्थल में नशीली चीजों से रहे दूर

इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने चिंगरापगार जलप्रपात में विहंगम दृश्य से परिपूर्ण प्राकृतिक दृश्य का आनंद लेने के अलावा सावधानी भी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि चिंगरापगार पर्यटन स्थल सार्वजनिक जगह है। यहां पर नशीली चीजों को ना ले जाए। साथ ही नशीली पदार्थ का सेवन ना करे। इसके अलावा कलेक्टर ने बारिश के मौसम में जलप्रपात स्थल में फिसलन भरी चट्टानों से भी सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण पत्थरों में शैवाल उग आते है, जिसके कारण पत्थर में फिसलन आ जाती है। पत्थर पर चलने से फिसल कर गिरने का खतरा बना रहता है। इसलिए सावधानी और सतर्क होकर जलप्रपात स्थल पर जाएं।




### जलप्रपात स्थल को स्वच्छ रखने में निभाएं भागीदारी

स्थल निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि प्राकृतिक स्थलों एवं पर्यटन स्थलों को सुरक्षित एवं स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रकृति द्वारा दिए गए चीजों का सदुपयोग करना भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने पर्यटन स्थल में कचरा नहीं फैलाने, उन्हें प्राकृतिक रूप से संरक्षित रखने और पर्यावरण जागरुकता में भागीदारी निभाने की अपील लोगों से की। इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जलप्रपात स्थल में पर्यटकों की सुविधाओं के विस्तार के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही पर्यटन स्थल में कचरा नहीं फैलाने से संबंधित सूचना बोर्ड भी लगाने के निर्देश दिए।

### विहंगम प्राकृतिक दृश्य से परिपूर्ण है 110 फीट ऊंचा जलप्रपात -

राजधानी रायपुर जाने वाले मार्ग में गरियाबंद से 13 किलोमीटर की दूरी पर चिंगरा पगार जलप्रपात चारों दिशाओं से घनी जंगल, ऊंची पहाड़ों एवं प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण है। यह झरना कचना धुरवा एवं बारुका के जंगलों पर स्थित है, जिसकी ऊंचाई लगभग 110 फीट ऊंचा है, जो देखने में बहुत खूबसूरत लगता है। चिंगरा पगार जलप्रपात की सुंदरता का आनंद लेने के लिए सैलानी छत्तीसगढ़ के साथ साथ अन्य राज्यो से भी आते है। चिंगरा पगार जलप्रपात में पर्यटकों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। बरसात के मौसम के लगते ही यहां का जल स्तर काफी बढ़ जाता है, जिसके कारण यह जलप्रपात का नजारा और भी आनंदमयी प्रतीत होता है।

# हजरत हुसैन की याद में मैनपुर में मना मोहर्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय नगर में मुस्लिम समाज द्वारा मोहर्रम के अवसर पर 10 दिनों तक रजा मस्जिद में मौलाना सिब्तैन रजा द्वारा हजरत इमाम हुसैन की याद में नुरानी तकरीर पेश किया गया। बुधवार 10 मोहर्रम को सुबह आठ बजे रजा मस्जिद में यौमें आशूरा के अवसर पर विशेष नमाज अदा कर प्रदेश व देश में अमन चैन खुशहाली की दुआ मांगी गई। मुस्लिम समाज के लोग कब्रिस्तान पहुंचकर अपने मरहूमों की कब्रों में फूल और इत्र चढ़ाकर फातिहा पढ़ी। वही हजरत इमाम हुसैन की याद में मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा अपने अपने घरों में फातिहा खानी कर लंगर और शरबत का वितरण किया।

- रजा मस्ज़िद में सुबह यौमें आशूरा पर विशेष नमाज हुई
- प्रदेश व देश में खुशहाली के लिए मांगी गई दुआ

**सच्चाई और हक पर चलने का नाम हुसैनः मौलाना रजा :** मैनपुर रजा मस्जिद में मोहर्रम का माह प्रारंभ होते ही रजा मस्जिद में रात 9 बजे से तकरीर का प्रोग्राम हुआ। 10 मोहर्रम तक लगातार चला इस दौरान मौलाना सिब्तैन रजा ने अपने नुरानी तकरीर पेश करते हुए कहा कि सच्चाई और हक पर चलने का नाम हुसैन है। दिन की हिफाजत कर अपने पूरे खानदान की कुर्बानी देकर दुनिया के सामने मिसाल पेश करने वाला का नाम हुसैन है। हम अगर सच्चे हुसैनी है तो मजिस्दों को अपने सजदों से रौनक करें, इससे हमारी दुनिया और आखरत दोनों संवर जाएगी।

# आलेखुंटा में सांसद का आतिशी स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

सांसद बृजमोहन ने आलेखुंटा के हाईस्कूल प्रांगण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणो से कहा कि वे जगह-जगह पौधे लगाएं और उसके सुरक्षा के पूरा इंतजाम भी करें। सांसद श्री अग्रवाल ने मतदाता एवं कार्यकर्ताओं को एक-एक पेड़ प्रदान कर अभिनंदन करते हुए कहा कि आप सबने मुझे छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक मतों से जीत दिला कर पूरे देश में टाप टेन पर लाया है।

- हाईस्कूल प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान में बृजमोहन ने किया पौधारोपण



प्रारंभ में ग्रामवासियों ने सांसद श्री अग्रवाल का आतिशबाजी करते हुए फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू,जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रकला ध्रुव, रानी पटेल, नंदिनी साहू,लता साहू, परदेशी राम साहू, टीकम चन्द साहू, योगेन्द्र ध्रुव सहित अन्य उपस्थित थे।

# लोहरसी में माता पहुंचनी पर होगा जस जुड़वास कार्यक्रम

**कोपरा।** क्षेत्र के ग्राम लोहरसी में आज माता पहुंचनी के अवसर पर गांव के शीतला मंदिर प्रांगण में संध्याकालीन यादव परिवार के ओर से स्व. परनिया यादव के पुन्य स्मृति पर जस जुड़वास का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में आज शाम 6 बजे से स्थानीय कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति की जाएगी। रात 8 समस्त ग्राम वासियों के लिए भोग भंडारा कभी आयोजन किया गया है। भंडारा से प्रसाद प्राप्त करने के बाद 8 बजे से छत्तीसगढ़ के ख्यातिप्राप्त लोक कलाकारो का माता सेवा, जस, पचरा भजन का झमाझम प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम में कलाकार मोहन सुंदरानी निजाम कन्हारपुरिया खल्लारी, डेविड निराला रायपुर, ईकबाल खान नवापारा (राजिम), मनेश्वर ध्रुव छुईहा (फिंगेश्वर) कमलेश यादव कोपरा सावित्री कहार रायपुर , गायत्री राजपुत कोचवाय , संगीता मानिकपुरी धमतरी , ललिता यादव मंदिर हसौद। रज्जू रईपुरिहा रायपुर पल्टन साहू ठेकला (मगरलोड), रामकुमार साहू , दीपक श्रीवास , परमेन्द, जैसे कलाकारों की उपस्थिति होगी। कार्यक्रम आयोजक लालू राम यादव, राजकुमार यादव, खेमचंद यादव ने ग्रामीणों व आसपास के गांव से अपील किया है कि बड़ी संख्या में पहुंचकर आनंद लें।

# सड़क का निर्माण अधूरा, विधायक ग्रामीणों को मनाने पहुंचे बड़ी करेली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

बड़ी करेली के आसपास सड़क निर्माण अधूरा होने पर विधायक ग्रामीणों को मनाने पहुंचे। ग्रामीणों के न मानने पर काम अधूरा छोड़ने का निर्णय लिया गया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को कुरूद विधायक अजय चंद्राकर बड़ी करेली पहुंचे। यहां उन्होंने उन लोगों की बैठक लिया जिनकी जमीन सड़क निर्माण के दायरे में आ रही है। बैठक के दौरान उन्होंने प्रभावित लोगो को समझाने और मनाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन वे टस से मस नहीं हुए। मालूम हो कि प्रभावितों ने कम मुआवजे की राशि को लेकर हाईकोर्ट में केस लगाया हुआ है। इस वजह से 400 मीटर के दायरे में एडीबी से स्वीकृत सड़क निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है। बैठक से लौटकर जनपद के पूर्व अध्यक्ष श्याम साहू ने बताया कि विधायक श्री चंद्राकर ने ग्रामीणों से कहा कि सड़क निर्माण के काम को पूरा होने दें। जब मुआवजे के लिए कोर्ट का फैसला आएगा तो उस वक्त जितना आदेश पारित होगा दिलवाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि रोड निर्माण पूरा करने की समय अवधि दिसबर-2024 तक है। गांव के 19 लोगों द्वारा असहमति जताने पर रोड निर्माण कार्य अधूरा छोड़ने का निर्णय लिया गया।

- नहीं माने लोग, अंत में निर्माण कार्य अधूरा छोड़ने का निर्णय

**ये रहे मौजूद :** बैठक में जनपद के पूर्व अध्यक्ष श्याम साहू सहित मंडल अध्यक्ष होरीलाल साहू, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र साहू, भेण्डरी के सरपंच प्रीतराम देवांगन ,महेन्द्र साहू ,डगेश्वर सोनकर, संतोष सोनी, पदुम साहू, मुकेश साहू, दानेश्वर सिन्हा, दुलरवा साहू, राम दयाल साहू, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं एडीबी के एसडीओ व ठेकेदार मौजूद थे।

# शिक्षक की सेवा समाप्त करने का प्रस्ताव पारित

**अभनपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला मंदलोर मे पदस्थ सहायक शिक्षक (पं.) राहुल सिंह ठाकुर के विरूद्ध लगातार अनुपस्थित रहने की शिकायत मिलने पर उनके विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित करते हुये श्रीमति जेजे वर्मा प्राचार्य शा.उ. मा.वि.टेकारी एवं राजेश कुमार साहू सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अभनपुर को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया था जांच अधिकारियो द्वारा प्रस्तुत अभिमत मे सहायक शिक्षक (पं.) 6 सितम्बर 2022 बगैर अवकाश स्वीकृति व अनुमति के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने की रिपोर्ट सौपी गई थी जिस पर अभनपुर जनपद पंचायत द्वारा उन्हे उपस्थित होने के लिए तीन नोटिस जारी की गई उसके बाद भी अपने कर्तव्य पर उपस्थित नही हुये जिस पर जनपद पंचायत के सामान्य प्रशासन समिति द्वारा राहुल सिंह ठाकुर की तत्काल प्रभाव से सेवा समाप्ति का निर्णय लिया गया।


## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468


बाहुड़ा यात्रा हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई

# भगवान जगन्नाथ पहुंचे मानस मंदिर, चढ़ा 56 भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर में बाहुड़ा यात्रा हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। रथ यात्रा के पर्व का अंतिम पड़ाव जब भगवान नौ दिन अपने मन्दिर को छोड़कर अपने मौसी गुंडिचा के यहां रहते हैं। इस नियमानुसार नगर में भगवान 9 दिनों तक छोटे राजमहल के मंदिर में विराजमान होते हैं, वहां राजपरिवार द्वारा प्रभु की 9 दिनों तक सेवा की जाती है। आज रथयात्रा के वापसी के पर्व बाहुड़ा के तहत उपस्थित भक्तजनों द्वारा राजमहल परिसर पहुंचकर भगवान की विधि विधान से पूजा एवं आरती कर भगवान को पुनः मानस मंदिर लाया गया। छोटे राज महल से बाजे गाजे, आतिशबाजी, गजा मूंग प्रसाद वितरित करते हुए , हरिबोल के जयकारे के साथ झूले लाल वार्ड, बजरंग चौक, सदर रोड होते हुए मानस मंदिर भगवान का रथ पहुंचा। मन्दिर पहुंचने के पश्चात भगवान जगन्नाथ , बहन सुभद्रा, बलभद्र भैया विशेष पूजा अर्चना कर 56 भोग का प्रसाद चढ़ाकर स्वागत किया गया ।





### ये रहे उपस्थित

बाहुड़ा रथयात्रा में ओंकार शाह पूर्व विधायक एवं अध्यक्ष मंदिर समिति, बजरंग पांडे, यज्ञेश पांडेय भोला पांडेय शीतल ध्रुव, मिथलेश सिन्हा,दुर्गेश अर्पण सेन, मेशनंदन पांडेय,गोपाल सोनी, निखिल साहू, नरेन्द्र पटेल, मीतेश दीक्षित, शैलेन्द्र दीक्षित, अखिल चौबे, अजय चंद्राकर,ललित राठौर,नीरज नायक, तुषार चंद्राकर, ललित कुमार वर्मा, मनहरण पटेल, हीरालाल साहू, पोषण वर्मा, ओमप्रकाश यादव, रामकुमार साहू, केशव प्रसाद साहू, पुखराज ठाकुर, विमल पुरोहित,सुधा शर्मा, ईश्वर सिन्हा ,कुमार साहू, यश सिन्हा, अर्जुन धनंजय सिन्हा, कंगालू राम सिन्हा,सौरभ शारडा गजेंद्र पटेल , किशन सोनी ,प्रतीक शर्मा ,गजेंद्र साहू, कमलेश जी,महिला मानस मंडलियों के सदस्य, गणेशू साहू,कोमल सोनी,सेउक समाज के सदस्यगण के साथ बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।


आईसेक्ट - ईशान एकेडमी

कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र

MBC-T CCC-T TALLY BASIC COMPUTING PGDCA DCA

प्रवेश प्रारंभ

स्कॉलरशिप सुविधा । कम शुल्क - बेहतर शिक्षा ।

नवापारा - सुभाष चौक, सदर रोड

राजिम - साहू छात्रावास के पास, पथर्री रोड

सम्पर्क करें - 98265-26082

## खबर संक्षेप



### बेटी बचाओ मंच ने किया पौधारोपण

**रायपुर।** बेटी बचाओ मंच टिकरापारा ने सरजूबांधा तालाब कब्रिस्तान के मैदान में पौधे रोपे, जिसमें आम, जामुन, आंवला, नीम, पीपल, नारियल सहित फूल व फलदार 31 पौधों का रोपण किया। मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने बताया कि कब्रिस्तान में आने वालों की सुविधा के लिए फलदार, छायादार तथा खुशबूदार फूलों वाले बड़े पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंजली यदु, सुप्रिया धुवारे, लता चंद्राकर, नीतू साहू, प्रीति मिश्रा सहित पदाधिकारी शामिल हुए।

### नया सवेरा समिति ने किया पौधारोपण



**रायपुर।** नया सवेरा जनकल्याण समिति रायपुर इकाई के सदस्यों ने 40 से 50 फलदार-छायादार पौधों का रोपण किया। समिति के सदस्यों ने बताया कि विश्व पर्यावरण संतुलन में अपना योगदान करते हुए फुंडहर एक्सप्रेस-वे, जो श्रीराम थोक सब्जी मंडी के पास रेलवे स्टेशन से राजिम रोड में जुड़ता है, में 40-50 पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि आज जिस तरह पूरे विश्व में पर्यावरण असंतुलन हो गया है। प्राकृतिक आपदाएं, वायु प्रदूषण के साथ शुद्ध ऑक्सीजन, फल मिलना मुश्किल हो गया है। हम सब प्रण करें कि एक पेड़ अपने पितृजनों की याद में जरूर लगाएं। पौधारोपण करने वालों में राजेंद्र साहू, राजा निर्मलकर, सुशील साहू, सेवक भाई, अमित गुप्ता, सुरेश भाई, गिरिश साटोने, चेतन साहू, विष्णु साहू आदि शामिल थे।

### एमआईसी की बैठक आज

**रायपुर।** नगर निगम की एमआईसी की बैठक 18 जुलाई को दोपहर 1 बजे गांधी सदन स्थित एमआईसी कक्ष में आयोजित है। महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 10 जोन से प्राप्त पेंशन प्रकरण, जनहित से जुड़े एजेंडों पर एमआईसी में चर्चा होगी। यह जानकारी नगर निगम के अपर आयुक्त व निगम सचिव विनोद ने पांडे दी।

### पत्रकारिता विश्वविद्यालय में पौधारोपण अभियान

**रायपुर।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल परिसर को हरा-भरा रखना है, बल्कि छात्रों, शिक्षकों और समुदाय के बीच पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। इसी श्रृंखला में पत्रकारिता विश्वविद्यालय में बादाम सहित विभिन्न फलदार पौधे उनके द्वारा प्रदाय कर रोपित किए गए। अभियान के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप जैन ने कहा कि, वृक्षारोपण एक प्रेरणादायी पहल है, जो निश्चित रूप से दूसरों को भी प्रेरित करेगी।

# एससी-एसटी को आरक्षण में प्रमोशन, जुटाएंगे क्वांटिफायबल डाटा, एससीएस की अध्यक्षता में कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य की सेवाओं में अनुसूचित जाति, जनजाति के शासकीय सेवकों को प्रमोशन में आरक्षण मामले को लेकर पिछली सरकार की गलतियों को सुधारने की प्रक्रिया अब शुरू हुई है। इस काम के लिए राज्य सरकार ने एससी-एसटी वर्ग के शासकीय सेवकों का क्वांटीफायबल डाटा (मात्रात्मक आंकड़े) जुटाने के लिए एससीएस की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया है।

### एसीएस पिंगुआ हैं अध्यक्ष

राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा गठित कमेटी में एसीएस मनोज कुमार पिंगुआ को अध्यक्ष बनाया गया है। इस कमेटी में सात अन्य सदस्य शामिल हैं। कमेटी के सदस्यों के नाम इस प्रकार हैं। अन्बलगन पी. सचिव सामान्य प्रशासन, नरेंद्र दुग्गा सचिव-आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग, चंदन कुमार विशेष सचिव सामान्य प्रशासन विभाग, पीएस एल्मा (सदस्य सचिव) संचालक आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, डॉ. अनिल कुमार विरूलकर अनुसंधान सहायक अधिकारी, आदमि जाति तथा अनुसूचित जनजाति अनुसंधान एं प्रशिक्षण संस्थान, अमर दास अनुसंधान सहायक आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान।

## पिंगुआ की अध्यक्षता में कमेटी, सात सदस्य भी शामिल

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश और संवैधानिक प्रावधान का पालन नहीं

प्रमोशन में आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व में ही फैसला दिया है कि राज्य एससी और एसटी कर्मचारियों को प्रमोशन में रिजर्वेशन देने से पहले मात्रात्मक डाटा जुटाने के लिए बाध्य हैं। बिना आंकड़े के नौकरियों में प्रमोशन में रिजर्वेशन नहीं दिया जा सकता है। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा था कि प्रमोशन में रिजर्वेशन देने से पहले राज्य सरकारों को आंकड़ों के जरिए ये साबित करना होगा कि एससी-एसटी का प्रतिनिधित्व कम है। वहीं इस मामले पर समीक्षा अवधि केंद्र सरकार की ओर से निर्धारित की जानी चाहिए।




### पूववर्ती सरकार ने नहीं किया था डाटा कलेक्शन

*यह कमेटी दरअसल इसलिए बनाई गई है, क्योंकि पिछली सरकार ने जब पदोन्नति में आरक्षण देने की अधिसूचना जारी की थी, उस समय राज्य के एससी एसटी वर्ग के शासकीय सेवकों का क्वांटिफायबल डाटा एकत्र नहीं किया गया था। बाद में जब यह मामला अदालत में गया, तब छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने प्रमोशन में आरक्षण पर बड़ा फैसला सुनाते हुए 2019 में जारी राज्य सरकार के आदेश को निरस्त कर दिया था। इससे पहले कोर्ट ने राज्य द्वारा प्रमोशन में आरक्षण के लिए जारी अधिसूचना पर रोक लगाई थी। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा, जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की बेंच ने फैसला देते हुए याचिका निराकृत की थी। कोर्ट ने फैसले में कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने आदेश को लागू करने में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के निर्देशों और संवैधानिक प्रावधान का पालन नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि प्रमोशन में आरक्षण देने के लिए हर विभाग से जातिगत डाटा एकत्रित कर केवल जिन्हें जरूरत है, उन्हीं एस-एसटी कर्मचारियों को इसका लाभ दिया जाना चाहिए, जबकि डाटा कलेक्ट करने का काम पूर्ववर्ती सरकार ने नहीं किया था।*

भनपुरी, कुशालपुर बाजार चौक, चंगोराभाठा, ललित महल हाईवे के पास आवारा मवेशियों की धरपकड़

# आईटीएमएस पहुंचे निगम आयुक्त, सीसीटीवी कैमरों से आवारा मवेशियों की मानिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मवेशियों के झुंड मचा रहे उत्पात, धरपकड़ में नगर निगम अमला पस्त हरिभूमि में प्रकाशित खबर को नगर निगम प्रशासन ने संज्ञान में लिया है। खबर का असर बुधवार को देखने को मिला, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा खुद आईटीएमएस कक्ष पहुंचे। वहां उन्होंने सीसीटीवी कैमरों से शहरभर में आवारा मवेशियों की मानिटरिंग कर संबंधित जोन के अधिकारियों को संबंधित लोकेशन पर काउकेचर दस्ता भेजकर लोगों की परेशानी का सबब बने मवेशियों की धरपकड़ के निर्देश दिए। एक ही दिन निगम अमले ने शहरभर से 109 मवेशियों को पकड़कर गोठान भेजा। शहर के अंदरूनी मार्ग सहित बाजार क्षेत्र व व्यावसायिक इलाकों, वीआईपी मार्ग में मवेशियों के झुंड से आम आदमी को हो रही परेशानी और सदर जैसे पॉश इलाकों सहित डगनिया बाजार, आमापारा, शास्त्री बाजार सहित अन्य मार्गों में सांडों के उत्पात से शहरवासी त्रस्त रहे। मवेशियों के धरपकड़ अभियान की खानापूर्ति के कारण बड़ी संख्या में सड़क पर मवेशियों का झुंड शहरवासियों की चिंता का कारण बना हुआ है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने पहली बार दक्ष सेंटर से मंगलवार को शहर के विभिन्न मार्गो पर आवारा मवेशियों की मानिटरिंग की। निगम के हेल्थ वाट्सएप ग्रुप में लोकेशन और शिकायतों पर आयुक्त ने संज्ञान लिया और संबंधित क्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग की टीम को काउकेचर वाहन के साथ स्पॉट पर भेजा। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही सहित सभी जोन के स्वास्थ्य अधिकारियों को आवारा मवेशियों के धरपकड़ अभियान में लगाया गया।

- एक दिन में 109 मवेशी पकड़कर गौठान भेजा

### इन स्थानों पर मवेशियों की धरपकड़

- शहीद भगत सिंह चौक से श्यामनगर मार्ग , गीता नगर भनपुरी
- देवपुरी मुख्य मार्ग से पकड़े 15 मवेशी, द्रोणाचार्य स्कूल मार्ग से लालपुर तक 4 मवेशी
- कुशालपुर बाजार चौक के पास दर्जन भर मवेशी, चंगोराभाठा मुस्कान रेसीडेंसी के पास 8 गाय
- ललित महल के सामने हाइवे मार्ग पर आधा दर्जन मवेशी, आदर्श विहार कालोनी में 5 गाय, 2 भैंस
- सुंदर नगर फुटबाल मैदान के पास दर्जन भर मवेशियों की धरपकड़
- गुढ़ियारी हमर अस्पताल से मंगलम भवन तक गायों का झुंड

### फुंडहर क्षेत्र में भारती डेयरी पर जुर्माना, डेयरी हटाने नोटिस

*नगर निगम जोन 9 ने फुंडहर के रहवासी क्षेत्र में संचालित भारती डेयरी पर 5 हजार रुपये का जुर्माना किया। गंदगी और प्रदूषण की शिकायत पर निगम अमले ने यह कार्यवाही की। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, जोन कमिश्नर संतोष पांडे के नेतृत्व में जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू की टीम ने डेयरी संचालक के मवेशियों को जब्त करने की कार्यवाही प्रारंभ की। इसी दौरान डेयरी संचालक ने स्वतः डेयरी को निगम सीमा क्षेत्र से बाहर शिफ्ट करने एक माह का समय मांगा। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने उन्हें 1 माह के भीतर डेयरी हटाने का नोटिस दिया है।*

# कौशिल्या विहार में अवैध कब्जों पर चला बुलडोजर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लालपुर और कौशिल्या विहार में लगातार हो रहे अपराध से त्रस्त स्थानीय रहवासियों ने वार्ड पार्षद रवि ध्रुव के साथ मंगलवार को सेक्टर 5 केनाल रोड पर चक्का जाम किया। रहवासी वहां अवैध तरीके से किये गये अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर एकजुट हुए और घंटों नारेबाजी और धरना प्रदर्शन कर शासन का ध्यान आकर्षित कराया। दरअसल, बीती रात देवार डेरा के लोगों ने कुछ स्थानीय लोगों के साथ मारपीट की थी, जिसे लेकर वहां के लोगों में आक्रोश व्याप्त था। इसके बाद बस्ती वालों ने अतिक्रमण हटाने मंगलवार को कमल विहार सेक्टर 5 जाने वाले एंट्री पाइंट पर प्रदर्शन किया। पार्षद रवि ध्रुव ने कहा, वार्ड के 3 युवकों से मारपीट की गई, जिसमें से एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ। आए दिन लूटपाट और मारपीट की घटना से लोग परेशान थे। इसीलिए चक्काजाम और नारेबाजी कर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया। लोगों की शिकायत पर जिला प्रशासन ने पुलिस बल के साथ बेजा कब्जा को हटवाया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल स्पॉट पर मौजूद रहा।

- अवैध तरीके से अतिक्रमण, 10 से 15 अवैध कब्जे को हटाया
- वार्ड पार्षद के साथ स्थानीय लोगों ने सेक्टर 5 जाने वाली केनाल रोड पर किया चक्काजाम

# गड़बड़ी के आरोप पर निजी अस्पतालों ने दिया जवाब, परख रहे सत्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



आयुष्मान योजना के मरीजों का इलाज पैसे लेकर करने के मामले में जारी नोटिस का जवाब मिल गया है। इस योजना की निगरानी करने वाली टीम निजी अस्पतालों से मिले दस्तावेजों की सच्चाई परखने का काम कर रही है। काम पूरा होने के बाद रिपोर्ट स्टेट नोडल एजेंसी को सौंपी जाएगी। आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना में आने वाले मरीजों के इलाज के दौरान जुलाई के पहले सप्ताह में चार निजी अस्पतालों में 18.55 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया था। इस दौरान 17 नए अस्पतालों को नोटिस जारी कर उनके खिलाफ मिली शिकायतों पर जवाब मांगा गया था। अस्पतालों की ओर से अपना पक्ष और आरोपों से संबंधित दस्तावेज निगरानी करने वाली टीम को सौंप दिया गया है। कमेटी उनसे मिली जानकारी को क्रास चेक कर रही है। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि इसमें वक्त लग सकता है। सभी अस्पतालों के दस्तावेज की जांच पर तैयार रिपोर्ट स्टेट नोडल एजेंसी के अधिकारियों को दी जाएगी, जिसके आधार पर इन अस्पतालों पर कार्रवाई तय की जाएगी। स्टेट नोडल एजेंसी इस तरह की शिकायतों पर अस्पतालों के खिलाफ बड़ा अर्थदंड लगाने के साथ योजनाओं से निलंबन और बर्खास्तगी की कार्रवाई भी करती है। स्टेट नोडल एजेंसी द्वारा राजधानी के साथ प्रदेश के विभिन्न जिलों के बड़े अस्पतालों पर जुर्माना ठोक चुकी है। इसके पूर्व मई में 28 अस्पतालों को नोटिस जारी किया गया था और कुछ से फाइन भी वसूला गया था।

- 17 को जारी हुआ था नोटिस, जवाब के साथ मिले दस्तावेज

### प्रतिभावान छात्रों का सम्मान समारोह 29 को

**रायपुर।** नारायणी साहित्यिक संस्थान एवं चरामेति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दसवीं कक्षा में अपने स्कूल में हिंदी विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को 29 जुलाई को 'स्व. टी. कृष्णवेणी स्मृति हिंदी श्रेष्ठ-सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन सभागार में शाम 4 बजे प्रारंभ होगा। संस्था के राजेंद्र ओझा ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित साहित्यकार अपनी लघुकथा, लघु व्यंग्य, कविता आदि का पाठ भी करेंगे। उन्होंने शहर के साहित्यकारों से इस कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध भी किया है।

### प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त




**रायपुर।** नगर निगम जोन-4 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मंगलवार को गोलबाजार की दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानों से करीब 70 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई। दुकानों में प्रतिबंधित पॉलीथिन रखने और गंदगी फैलाने वाले संबंधित दुकानदारों को चेतावनी देते हुए 3500 रुपए जुर्माना वसूला।

*नए सिस्टम से यात्रियों को हो रही परेशानियों को हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया*

# 6 महीने में 200 से अधिक शिकायत के बाद अब रेलवे करेगा टेंडर रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




रेलवे स्टेशन में पिक एंड ड्रॉप सिस्टम की शिकायतों से त्रस्त हो चुके रेलवे प्रशासन ने अब टेंडर रद्द करने का मन बना लिया है। जल्द ही वर्तमान टेंडर रद्द कर नए नियमों के साथ टेंडर किया जाएगा, जिससे यात्रियों को किसी भी प्रकार से दिक्कत नहीं होगी। हरिभूमि ने नए सिस्टम लागू होने के बाद से ही लगातार स्टेशन में यात्रियों को हो रही परेशानियों को उजागर किया है। पार्किंग कर्मचारियों की मनमानी की खबरें लगातार प्रकाशित होने के बाद अब रेलवे प्रशासन यात्रियों के हित में व्यवस्था में बदलाव करने जा रहा है। बता दें कि जनवरी में पिक एंड ड्रॉप सिस्टम का टेंडर हुआ था, जिसका मुख्य उद्देश्य रेलवे का राजस्व बढ़ाना था। यह सिस्टम यात्रियों के साथ रेलवे के लिए सिरदर्द बन गया। टेंडर के दौरान नए नियम बनाने के साथ कई ऐसे अधिकार भी पार्किंग ठेकेदार को दिया गया था, जो आरपीएफ से जुड़ा था। सिस्टम लागू होने के बाद नो पार्किंग में यात्रियों से पैसा वसूलना लोगों के बीच विवादों में आ गया। 6 महीने में यात्रियों की ओर से आरपीएफ, जीआरपी, स्टेशन प्रबंधक को लिखित, मौखिक व ट्विट के जरिए 200 से अधिक शिकायत पहुंची। रेलवे बोर्ड और जोन मुख्यालय तक भी लोगों ने परेशानी गिनाई, जिसके बाद जिला प्रशासन की मदद से सिस्टम को बेहतर करने का प्रयास किया गया, लेकिन रेलवे को इसमें भी सफलता नहीं मिली। हर शिकायत के बाद जांच और कार्रवाई के बाद भी सिस्टम को सुधारने में पूरा रेलवे अमला असफल रहा। नो पार्किंग, अवैध पर्ची और यात्रियों तथा पार्किंग कर्मचारी के हर दिन झगड़े की शिकायत कम नहीं हो रही थी। इसीलिए अब टेंडर ही रद्द किया जाएगा।

### नियमों का नहीं हुआ पालन

*रेलवे ने पिक एंड ड्रॉप सिस्टम की शिकायतों को कम करने कई बदलाव किए। आरपीएफ, जीआरपी समेत टीटीई से भी मदद ली गई, लेकिन इसके बाद भी न सिस्टम सुधरा और न यात्रियों की शिकायत कम हुई। रेलवे ने पिक एंड ड्रॉप सिस्टम के लिए जो नियम तय किया था, उसका पालन नहीं हो पाया, जिसके कारण आए दिन रेलवे को शिकायत मिल रही थी। बता दें कि रेलवे ने पिक एंड ड्रॉप सिस्टम का ठेका तीन साल के लिए 6 करोड़ 12 लाख में दिया है, जबकि रेलवे ने 2 करोड़ 80 लाख ऑनलाइन टेंडर जारी किया था।*

### नो पार्किंग की सर्वाधिक शिकायत

*पिक एंड ड्रॉप सिस्टम में नो पार्किंग ठेकेदार द्वारा जुर्माना लेना शुरुआत से विवादों में रहा। बीते 6 महीने में सर्वाधिक शिकायत यात्रियों की ओर से नो पार्किंग को लेकर ही मिली है। पार्किंग कर्मचारी यात्रियों से जमकर पैसा वसूल रहे थे। इसके अलावा 7 मिनट से पहले बाहर निकलने पर पैसा वसूलने पर यात्रियों ने रेलवे को शिकायत की थी।*

### वैकल्पिक व्यवस्था के बाद

स्टेशन में वैकल्पिक व्यवस्था बनाने के बाद टेंडर रद्द कर नए टेंडर पर कार्य करेंगे। हमारा प्रयास है कि अच्छी व्यवस्था उपलब्ध कराएं, ताकि स्टेशन पहुंच रहे लोगों को किसी भी तरह से कोई दिक्कत न हो।

**- अवधेश कुमार त्रिवेदी,** सीनियर डीसीएम

तीन दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली, शूटरों के बारे में नहीं मिली जानकारी

# प्लान बदलकर इस बार चोरी की बाइक में शूटआउट करने पहुंचे शूटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पीआर ग्रुप के ऑफिस के बाहर शूट आउट की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों के बारे में पुलिस को अब तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। पुलिस को केवल इतनी जानकारी मिल पाई है कि बदमाश चोरी की बाइक से घटना को अंजाम देने रायपुर पहुंचे थे। साथ ही पुलिस अब तक यह तय नहीं कर पाई है कि चोरी की बाइक से एक शूटर पहुंचा था या दोनों शूटर एक साथ आए थे। छद्म नाम वाले गैंगस्टर मयंक सिंह जो सोशल मीडिया में मैसेज वायरल कर रहा है, इसके लिए पुलिस मयंक जिस सोशल मीडिया अकाउंट से मैसेज कर रहा है, उस अकाउंट की पुलिस की साइबर सेल आईपी एड्रेस ट्रेस करने की कोशिश में जुटी हुई है।

पुलिस के अनुसार अमन साव तथा मयंक सिंह द्वारा संचालित गैंग से जुड़े बदमाश पहली बार किसी शहर में वारदात करने अपने राज्य से बाइक चोरी कर यहां पहुंचे थे। इसके पूर्व इस गैंग के बदमाशों ने जिन शहरों में घटना को अंजाम दिया है, उन शहरों में पहले बाइक चोरी करते थे। उसके बाद घटना को अंजाम देते थे। यह पहला अवसर है, जब बदमाश झारखंड, रांची से बाइक चोरी करने के बाद यहां घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचे।

### गैंग का फोकस छत्तीसगढ़ के कारोबारियों पर


गैंगस्टर अमन के गुर्गों तक नहीं पहुंचे पुलिस के हाथ, एमपी में दी दबिश

पुलिस के अनुसार राज्य के एक दर्जन से ज्यादा बड़े कारोबारी समूह वर्तमान में झारखंड में कोल तथा सड़क निर्माण का कार्य कर रहे हैं। झारखंड में काम कर रहे कारोबारी समूह से अमन साव का गिरोह लेवी वसूलने के साथ ही रोड निर्माण में पेटी कांट्रैक्टर का ठेका देने दबाव बना रहे हैं। इसी के चलते अमन साव गैंग के बदमाश चौथी दफा छत्तीसगढ़ में दहशतत फैलाने के उद्देश्य से पहुंचे हैं। इसके पूर्व बदमाश 30 सितंबर 2022 कोरबा में आरकेटीसी ग्रुप के बाहर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। दूसरी दफा रायपुर में 11 फरवरी 2023 को आरकेटीसी ग्रुप के शंकर नगर स्थित ऑफिस के बाहर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। तीसरी दफा 11 जून 204 को बदमाश घटना को अंजाम देने के पहले दबोचे गए। तीसरी दफा 13 जुलाई को घटना को अंजाम दिया है। पूर्व की तीनों घटना में शामिल बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

### जांच झारखंड में टिकी

शूट आउट की घटना में अब तक झारखंड कनेक्शन आने के बाद पुलिस की अलग-अलग तीन टीम झारखंड रवाना की गई है। झारखंड में पुलिस अफसरों के साथ मिलकर स्थानीय पुलिस जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि अमन साव झारखंड की किन-किन जेलों में बंद था। अमन जिन जेलों में बंद था, वहां उसने किन-किन बदमाशों को अपने गैंग में शामिल किया और जो बदमाश अमन के गैंग में शामिल हुए, वो कब जेल से छूटे हैं और उनका वर्तमान लोकेशन क्या है। पुलिस इसकी जानकारी एकत्रित कर रही है।

# बारिश शुरू होते ही बढ़ी उल्टी-दस्त की शिकायत, महीनेभर में ढाई सौ प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



बारिश शुरू होते ही दूषित पानी के उपयोग से उल्टी-दस्त जैसी शिकायत बढ़ने लगी है। शहर की तुलना में ग्रामीण इलाकों में ज्यादा समस्या को देखते हुए ब्लाक स्तर पर निगरानी टीम का गठन किया गया है। रायपुर जिले में महीनेभर में डायरिया के ढाई सौ मामले सामने आए हैं और बीते सात माह में आंकड़ा एक हजार से अधिक है। बारिश के मौसम में उल्टी-दस्त की समस्या आम हो जाती है। खान-पान में होने वाली थोड़ी लापरवाही भी भारी पड़ जाता है। रायपुर जिले में पिछले महीनेभर में डायरिया की वजह से बीमार हुए 70 फीसदी लोग स्वास्थ्य केंद्रों में दवा लेकर ठीक हो चुके हैं, केवल तीस प्रतिशत लोगों को अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता पड़ी है। जिले में जनवरी से लेकर अब तक का आंकड़ा एक हजार से अधिक हो चुका है, मगर किसी के लिए उल्टी-दस्त जानलेवा नहीं हुआ है। अभी बारिश की शुरुआत होने के बाद विकासखंड स्तर पर निगरानी टीम का गठन कर उन्हें क्षेत्र में बराबर निगरानी करने के आदेश दिए गए हैं। इस तरह की किसी भी घटना पर तत्काल इसकी सूचना मुख्यालय पर देने और प्रभावित इलाके में शिविर लगाकर राहत कार्य प्रारंभ करने की हिदायत दी गई है।

### नियमित निगरानी

बारिश के मौसम को देखते हुए लगातार निगरानी की जा रही है। डायरिया की शिकायत मिलने पर तत्काल शिविर लगाकर प्रभावितों का उपचार किया जा रहा है। लोगों को खानपान में सावधानी बरतने के बारे में जानकारी दी जा रही है।

**- डॉ. मिथिलेश चौधरी,** सीएमएचओ

# बच्चों को दें गर्म भोजन, कपड़ों को रखें साफ आश्रम, छात्रावास व अस्पताल पहुंचे अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम लगातार आश्रम, छात्रावासों एंव उपस्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे है। अव्यवस्था पर तत्काल व्यवस्था सुधारने का निर्देश दिया जा रहा है। गरियाबंद जिला के कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देश पर लगातार एसडीएम मैनपुर द्वारा निरीक्षण कार्य किया जा रहा है।

एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम ने आदिवासी बालम आश्रम मैनपुर, छिन्दौला, कुल्हाड़ीघाट, बडेगोबरा, शोभा, तौरेंगा, कालीमाटी, नगबेल, बुरजाबहाल, झरियाबाहरा, साहेबिनकछार, धुररवागुड़ी, अनूसुचित जाति बालक आश्रम धुरवागुडी, अमलीपदर, उरमाल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आश्रम- छात्रावासों में बच्चों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया। साथ ही बच्चों के भोजन की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करने का निर्देश दिया है। ताजी हरी सब्जी व गर्म भोजन देने को कहा। लापरवाही बरतने पर कार्रवाई करने की बात कही। इस दौरान कई आश्रम, छात्रावासों में चादर, बेड, तकिया की साफ- सफाई नहीं होने पर जमकर नराजगी जताई। फटकार लगाते हुए हर सप्ताह साफ सफाई करने का निर्देश दिया है। बच्चों के उपयोग के लिए निर्माण किए गए शौचालय में साफ सफाई का निरीक्षण किया। साथ ही आश्रम परिसर में विशेष सफाई प्रकाश व्यवस्था ठीकठाक करने का निर्देश दिया। बच्चों को मच्छरदानी उपयोग करने को कहा है। बच्चों से कई रोचक सवाल भी पूछे, सही जवाब देने पर उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पुरस्कार देते हुए मनोबल बढ़ाया। इस दौरान मैनपुर तहसीलदार गेंदलाल साहू, नायब तहसीलदार तारेन्द्र सिंह ठाकुर, अमलीपदर तहसीलदार रमकांत केंवर, बी.आर.सी.सी मैनपुर शिवकुमार नागे, द्वारा भी एसडीएम के नेतृत्व में कई आश्रम छात्रवास एवं उपस्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

## एसडीएम ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश



### अस्पतालों में पर्याप्त दवा रखें

मैनपुर एसडीएम द्वारा विकासखण्ड क्षेत्र के एक दर्जन से ज्यादा अस्पतालों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान छिन्दौला में उपस्वास्थ्य केन्द्र बंद मिला। कई उपस्वास्थ्य केन्द्र में साफ सफाई नही होने पर एसडीएम ने नराजगी जताई। साथ ही सख्त निर्देश दिया है। इन दिनों मौसमी बीमारी सर्दी, खांसी, बुखार, मलेरिया के साथ डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। इसलिए सभी उपस्वास्थ्य केन्द्रों को प्रतिदिन खोला जाए और कर्मचारी हमेशा तैनात रहे। पर्याप्त मात्रा में दवा रखे साथ ही कोई भी गंभीर स्थिति निर्मित होने पर तत्काल इसकी सूचना दी जाए। कई उपस्वास्थ्य केन्द्रों में अव्यवस्था को देखकर एसडीएम ने नाराजगी जताई है। साथ ही नोटिस भी जारी किया गया है।

## खबर संक्षेप

### मामूली बात को लेकर मारपीट, अपराध दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली क्षेत्र के बलौदा थाना अंतर्गत कलारपारा में लाइट डेकोरेशन का करने वाले व्यक्ति से बारात में नाचने के दौरान हुई कहा सुनी को लेकर मारपीट की गई। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बलौदा कलारपारा निवासी गणेश भोई 13 जुलाई 2024 को रात ग्राम बलौदा से बाराती के साथ लाईट डेकोरेशन लेकर ग्राम पझरापाली गया था, जहां उसके साथ में काम करने वाले दोस्त रोशन यादव, करन यादव एवं अन्य बाराती लोग भी थे। इसी दौरान बारात में गांव के आकाश दीवान एवं विवेक यादव के साथ नाचने के दौरान कहासुनी हो गई। अगले दिन सुबह 4 बजे आकाश दीवान एवं विवेक यादव वहां आकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे और हाथ में पहने कड़े से मारने से गणेश के सिर एवं नाक के पास चोट आई। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी आकाश दीवान व विवेक यादव के विरुद्ध अपराध धारा 115(2), 296, 3(5)बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### पिकअप वाहन की ठोकर से ई रिक्शा सवार घायल

**महासमुंद।** तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम भोरिंग के गौठान के पास पिकअप की ठोकर से ई रिक्शा सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। ग्राम भोरिंग निवासी नंदकुमार ढीढी पिता स्व. लालजी ढीढी निवासी की ई रिक्शा वाहन क्र. सीजी 06 एचए 7023 को भोरिंग से तुमगांव की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने पीछे से ठोकर मार दिया। हादसे के बाद पिकअप चालक वहां से भाग निकला। हादसे में ई रिक्शा में बैठे व्यक्ति को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी पिकअप चालक के खिलाफ 125, 281 बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

## निधन

### चैतराम यादव



**अभनपुर।** अभनपुर वार्ड नंबर 7 निवासी चैतराम यादव (77) का निधन 17 जुलाई बुधवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे पार्षद बबला यादव के पिता एवं गोपाल यादव,यश यादव,उज्जवल यादव के दादा थे।

## देश में लागू हुए नए कानूनों पर जनजारुकता कार्यक्रम आयोजित

# नागरिक अब कहीं से भी अपने थाने में मोबाइल से दर्ज करा सकेंगे एफआईआर: न्यायाधीश यशवंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा





देश में तीन नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 को 1 जुलाई, 2024 से लागू किया गया है। कानून को लेकर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन नगर के स्वामी आत्मानंद विद्यालय में आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में यशवंत वासनीकर अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट पाक्सो जिला गरियाबंद, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रशांत देवांगन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गरियाबंद , विशिष्ट अतिथि खोमन चंद्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत, दिनेश रिंकू सचदेव उपाध्यक्ष नगर पंचायत, नथमल शर्मा वरिष्ठ नागरिक छुरा नगर, अशोक दीक्षित वरिष्ठ पार्षद,यशपेंद्र शाह पार्षद नगर पंचायत छुरा एवं मानसिंह निषाद मंचासीन थे।

- 18 साल से कम उम्र वाले बच्चे नहीं चला पाएंगे बाइक

कार्यक्रम की शुरुवात अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। नगरवासियों की ओर से वरिष्ठ नागरिक नथमल शर्मा, नपं अध्यक्ष खोमन चंद्राकर ने शाल एवं श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया। छुरा थाना प्रभारी दिलीप मेश्राम ने कार्यक्रम परिचय विषय रखा गया। वरिष्ठ नागरिक नथमल शर्मा ने नए कानून की छायाप्रति प्रत्येक ग्राम पंचायत में भिजवाने का आग्रह न्यायधीश से किया। नपं अध्यक्ष खोमन चंद्राकर ने कहा कि बदलते समय में इस कानून की देश को जरूरत थी। कानून की विस्तृत जानकारी देते हुए विशिष्ठ अतिथि प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट माननीय प्रशांत देवांगन ने बताया कि भारत में पहले विभिन्न प्रकार के कानून थे। जैसे कबीला का अलग कानून, प्रत्येक राजाओं के अपने- अपने राज्यों में अलग कानून व्यवस्था थी। फिर धार्मिक आधार पर मुस्लिमों का अलग तथा हिंदुओं का अलग कानून था। अंग्रेजों ने भारतीय दंड संहिता 1860 को लार्ड मैकाले द्वारा भारत में लागू किया गया। इसमें भी समय- समय पर परिवर्तन होते रहे। नए कानूनों में विभिन्न प्रावधान हैं, जिसे आम नागरिकों को जानना जरूरी है । साक्ष्य अधिनियम में इलेक्ट्रानिक एविडेंश सीसी टीवी आदि के प्रक्रिया को आसान बनाया गया है, भारतीय न्याय संहिता में चैन स्नेचिंग एवं माब लींचिंग के लिए अलग अलग धारा का प्रावधान है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत पूरी वीडियोग्राफी किसी भी जब्ती आदि का विवेचना के 48 घंटे के अंदर संबंधित मजिस्ट्रेट को भेजना पड़ेगा। मुख्य अतिथि यशवंत वासनीकर अतिरिक्त सत्र न्यायायाधीस फास्ट ट्रैक कोर्ट पाक्सो जिला गरियाबंद ने नए कानून के बारे में बताते हुए कहा कि नागरिक अब कही से भी अपने थाने में मोबाइल के माध्यम से एफआईआर याने प्रथम सूचना पत्र दर्ज करा सकता है। लेकिन उन्हें तीन दिन के भीतर थाना आकर के सूचना पत्र में हस्ताक्षर करना अनिवार्य है। धारा 106 (मोटर विहिकल एक्ट) के तहत 18 साल से कम उम्र वाले बच्चे मोटर साइकिल नहीं चला पाएंगे, यह कानूनन जुर्म है। हां 16 से 18 वर्ष तक के बच्चे बिना गियर वाली स्कूटी आदि चला पाएंगे लेकिन बीमा कराना अनिवार्य है। कार्यक्रम का संचालन मिथलेश कुमार सिन्हा एवं देवनारायण यदु ने किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में रमेश शर्मा, दिनेश कोठरी, रमेश चंद्र जायसवाल, भानुप्रताप वर्मा,भानू तारक, पुरुषोत्तम साहू, सहायक उप निरीक्षक मोहन सिंह ठाकुर, प्राचार्य प्रदीप मिश्रा, मोतीलाल साहू, ईश्वर सेन, टेमन साहू, भूखन ठाकुर, कल्पना , सुरुचि ध्रुव, प्रधान आरक्षक प्यारी साहू,धनुष निषाद, शशि कौशिक, कुलदीप ठाकुर, राजकुमार मरकाम, दिलीप निषाद, लेन दास रत्नाकर, बिगेंद्र दीवान, मीडियाकर्मी, नागरिक उपस्थित थे ।

# राजिम में बस स्टैंड की मांग ने पकड़ा जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

छत्तीसगढ़ के प्रयागराज राजिम में एक बस स्टैंड तक नहीं है। बस स्टैंड की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। राजिम के विधायक रोहित साहू भी चाहने लगे हैं कि राजिम में भव्य बस स्टैंड बने। उन्होंने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा है कि जल्द इस पर निर्णय हो जाएगा और सर्व सुविधायुक्त भव्य बस स्टैंड बनेगा। बता दें कि गरियाबंद जिले का सबसे बड़ा सिटी होने के बावजूद राजिम में आजादी के 77 साल बाद भी बस स्टैंड तक नहीं है। बस स्टैंड नहीं होने के कारण तमाम यात्री गाड़ियां बड़ी बसें, मिनी बसें, ऑटो, मैजिक जैसी वाहनें सड़क पर खड़ी होती है। अपने नंबर आने पर सवारी भरती है और सड़क के पर ही यात्री उतरते हैं। कहने को तो राजिम को छत्तीसगढ़ का प्रयागराज कहा जाता है। यह शहर रायपुर-देवभोग-उड़ीसा स्टेट को जोड़ने वाले राजमार्ग 130 पर है। यहां से होकर ढेर सारे यात्री गाड़ियां सवारी भरकर आती-जाती है। राजिम से रायपुर मार्ग पर करीबन 60 से अधिक मिनी बसें चलती है। कमोवेश राजिम से महासमुंद और राजिम से गरियाबंद के लिए भी इतनी ही गाड़ियां दिन भर में दौड़ती है। इसी तरह देवभोग-रायपुर के लिए 40 बड़ी बसें राजिम से होकर आती-जाती है। बस स्टैड के अभाव में ये सभी गाड़ियां बीच सड़क में ही खड़ी होती है। सवारी भरती है और सवारी उतारती भी है। यात्रियों को यदि बसों की प्रतीक्षा करनी होती है तो बरसते पानी के बीच किसी होटल या दुकान में खड़े होना पड़ता है। बस स्टैंड नहीं है तो स्वाभाविक है। यात्री प्रतीक्षालय भी नहीं है। अभी बारिशकाल चल रहा है सो कल्पना कीजिए कि यात्रीगण अपने सामान और फैमिली के साथ कैसे खड़े रहते होंगे? पानी गिरते में किसी दुकान या होटल से गाड़ी पकड़ने के लिए भींगते हुए दौड़ लगाना पड़ता है।

- बीच सड़क में खड़ी होती है बसें, हादसे की आशंका
- बारिश के मौसम में बस पकड़ने भींग रहे यात्री

### सभी मांग सर्वसुविधायुक्त हो बस स्टैंड

राजिम एक जंक्शन है, जहां से महासमुंद, छुरा, गरियाबंद और रायपुर मार्ग के लिए इस शहर के बीच पं. सुंदरलाल शर्मा चौक से होकर यात्री गाड़ी सहित तमाम मालवाहक और दीगर वाहन हजारों की संख्या में चलते हैं। चौक के सभी तरफ सड़क तक लोग अपना व्यापार-व्यवसाय को फैलाकर रखते हैं। फलवाले, चाट वाले को भी सड़क पर ही ठेला लगाने की मजबूरी हैं। इससे चौड़ी सड़क भी सकरी हो जाती है। बावजूद पूरा दिन सभी तरह के वाहन जानलेवा रफ्तार में दौड़ते हैं। गरियाबंद जब जिला बना, तो लोगों को यह उम्मीद थी कि राजिम का कायाकल्प जरूर होगा, मगर ऐसा हुआ नहीं। अब सभी नेता चाहने लगे हैं कि राजिम में सर्व सुविधायुक्त बस स्टैंड हो।

# ग्रापं बिरीघाट में निकाली गई जागरुकता रैली




**मैनपुर।** विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचातय बिरीघाट में आज ग्राम स्वच्छता पोषण समिति, मितानिनों, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं द्वारा डायरिया, मलेरिया जैसी बीमारियों के बचाव के लिए जागरुकता रैली निकालकर लोगों को जानकारी दी गई। रैली में उल्टी दस्त मलेरिया के बारे में गांव के सभी मोहल्लों में रैली निकाल कर जागरूक किया। साफ–सफाई के बारे में बताया गया। मलेरिया के बारे में मच्छरदानी लगाकर सोने की सलाह दी। कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है, समय से पहले मितानिन से आरडी जांच करके समय से इलाज कराने की सलाह दी। इस मौके पर एमटी पिंकी सिन्हा,आशा,रैबारी, सोमबारी,लीलेंद्री, रायमती, श्याम बाई,देवकी, सुलोचना, राधिका, दुलेश्वरी, काव्या सहित बडी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

## पति एवं ससुर के खिलाफ अपराध दर्ज

**महासमुंद।** महिला ने अपने पति और ससुर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और मारपीट किए जाने की रिपोर्ट बलौदा थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच विवेचना शुरू कर दी है। बलौदा पुलिस ने बताया कि जलकोट निवासी महिला पूजा साहू पिता चंद्रशेखर त्रिपाठी की शादी सामाजिक रीति रिवाज से ग्राम कोदोगुढा के खेमराज साहू के साथ हुई थी। महिला के साथ विवाह के बाद से ही पति खेमराज साहू एवं ससुर जयलाल साहू द्वारा दहेज कम दहेज लाई हो, काम काज ठीक से नहीं करती हो, कहकर मारपीट किया जा रहा था।

दोनों आरोपी आए दिन शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे, महिला के पति एवं ससुर द्वारा मायके से 5 लाख रुपए एवं 5 एकड़ जमीन की मांग की गई, मना करने पर कई बार मारपीट किया गया, जब वह दो महीने की गर्भवती थी, तब 25 फरवरी 2024 को पति ने पेट में लात मार दिया था, जिससे तंग आकर 28 फरवरी को महिला अपने पिता के साथ मायके चली गई। जहां 2 मार्च 2024 को उसका गर्भपात हो गया।

# पांडुका में जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद



कोपरा दौरे में पहुंचे उपमुख्यमंत्री अरुण साव से जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू ने क्षेत्र के किसानों के हित में सहकारी बैंक की शाखा पांडुका में खोले जाने की मांग रखी।

- उपमुख्यमंत्री से क्षेत्र के किसानों के हित में जिपं सदस्य लक्ष्मी ने उठाई आवाज

श्रीमती साहू ने बताया कि पूर्व में पांडुका में जिला सहकारी बैंक की शाखा थीं, लेकिन अचानक कुछ साल पूर्व शाखा बंद कर गरियाबंद से संचालित किया जा रहा है। क्षेत्र के 22 गांवों के किसान छोट- छोटे कामों के लिए 30 किलोमीटर दूर गरियाबंद जाना पड़ता है। यदि तकनीक समस्या के कारण कंप्यूटर खराब हो तो किसानों को भटकना पड़ता है। श्रीमती साहू जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलवाने बहुत समय से प्रयासरत रही हैं। श्रीमती लक्ष्मी साहू के मांगों का स्थानीय विद्यालय रोहित साहू एवं जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने भी समर्थन किया है।

# 18 संकुलों के शिक्षक-शिक्षिकाएं इंग्लिश प्रशिक्षण से लाभान्वित

**मुड़ागांव(कोरासी)।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार बेसिक इंग्लिश स्पोकन पर आधारित विकासखण्ड स्तरीय पाँच दिवसीय स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण विकासखण्ड छुरा के हाईस्कूल लोहझर में प्रथम चरण में परशिक्षित किया जा रहा है।

- पांच दिवसीय स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण
- विकासखण्ड छुरा के हाईस्कूल लोहझर में प्रथम चरण का प्रशिक्षण

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर वासुदेव प्रजापति एवं पद्मजा गुप्ता द्वारा विभिन्न प्रकार की रोचक गतिविधियों के माध्यम से स्पोकन इंग्लिश में शिक्षकों को दक्ष किया जा रहा है। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में माँ सरस्वती की पूजा अर्चना तथा समन्वयक शंकर लाल यदु द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुति के साथ फीडबैक वाचन के पश्चात, पोयम एंड स्टोरी विथ एक्शन एवं जॉ ऑफ डेथ में गतिविधि कराई गई।



**स्टोरी एनॉलाइज़ एक्टिविटी कराई गई :** प्रशिक्षण के तृतीय दिवस में समूह विभाजन के साथ स्टोरी एनॉलाइज़ एक्टिविटी कराई गई। जिसमें विभिन्न कहानियों की समीक्षा गतिविधि की गई,तद्पश्चात कन्वर्सेशन एक्टिविटी की गई। जिसमें समस्त प्रतिभागी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बड़े ही उत्साह के साथ सहभागिता की।

# तीन जगहों से 90 किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सरायपाली, सिंघोड़ा और कोमाखान पुलिस ने गांजा तस्करी के तीन मामले में 90 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया है। मामले में कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार कर नारकोटिक्स एक्ट 20 बी के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर जेल भेजा गया है।

सरायपाली पुलिस ने एक कार से 50 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया है। मामले में दो आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि 16 जुलाई को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पदमपुर रोड पेट्रोल पंप के आगे छिबर्रा मोंड के पास जाकर एक स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक सीजी 12 एपी 0252 को घेराबंदी कर रोका गया। पूछताछ में कार चला रहे व्यक्ति ने अपना नाम दुर्गाप्रसाद पटेल ग्राम भूकेल बसना का रहने वाला बताया तथा सामने बगल वाले सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम भोजराज पटेल निवासी लोहरसिंग ओडिशा का रहने वाला बताया। कार की तलाशी के दौरान संदेहियों के वाहन की डिक्की में तीन प्लास्टिक बोरी में एक-एक किलो के 50 पैकेटों में कुल 50 किलो 200 ग्राम गांजा कुल कीमत 5,00.000 रुपए भरा हुआ मिला, जिसे जब्त किया गया। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से कार कीमत 3,00,000 रुपए, दो नग टच स्क्रीन मोबाईल जब्त किया गया।



### सिंघोड़ा पुलिस ने जब्त किया 3.75 लाख का गांजा

गांजा का अवैध रूप से परिवहन कर रहे मध्य प्रदेश के एक आरोपी को सिंघोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 3,75,000 रुपए का 25 किलो गांजा समेत कुल 9,45,000 रुपए का सामान जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद कलर का छोटा हाथी क्रमांक एमपी 04 एलडी 8429 की ट्रॉली के बने रैक में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहा है।

# हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में किया पौधारोपण



**नवापारा-राजिम।** चित्रोत्पला हाउसिंग बोर्ड सोसायटी के तत्वावधान में बुधवार को पौधारोपण का कार्यक्रम गोबरा स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में किया गया। कॉलोनीवासियों ने फलदार, छायादार,औषधीय पौधे रोपे। इस अवसर पर कालोनी के संरक्षक गोपाल यादव, अध्यक्ष अतुल शर्मा ,आर.के. रजक, डा. मनोज मिश्रा, डा. सी. एल. साहु, जयंत पारकर, मनमोहन सिन्हा, अशोक तिवारी, सुधीर खेस,पी एल. साहु,लुकेश ध्रुव, जुगन साहनी,गुलाब साहु, हेम लाल जोशी,निखिल साहू, प्रिंस सिन्हा,गुलशन सेन सहित अन्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक पदोन्नति का इंतजार करते हो जा रहे सेवानिवृत्त



**राजिम।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संभाग अध्यक्ष राम नारायण मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न संवर्गों के शिक्षक, प्रधानपाठक, पूर्व माध्यमिक शाला व्याख्याता सभी पदोन्नति की बांट जोहते-जोहते सेवानिवृत हो रहे हैं, लेकिन राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग शिक्षकों की पदोन्नति को लेकर गंभीर नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग द्वारा शिक्षकों के अंतिम वरिष्ठता सूची प्रकाशित किए बिना ही पदोन्नति प्रस्ताव बनाया जाना उचित नहीं है। अंतिम सूची जारी किए बिना पदोन्नति आखिर कैसे होगी यह प्रश्न खड़ा होता है। क्योंकि दावा आपत्ति विभाग को जो प्राप्त हुई हैं उसमें संशोधन के बिना ही प्रस्ताव विभाग कैसे मंगा सकता है। श्री मिश्रा ने कहा कि कुल मिलाकर पदोन्नति को बाधित करने का प्रयास है। विभाग द्वारा प्रधानपाठक प्राथमिक शाला (स्नातकोत्तर) उच्च वर्ग शिक्षक से व्याख्याता पद पर पदोन्नति होना है तथा पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक व्याख्याता, व्याख्याता एल बी से प्राचार्य पद पर पदोन्नति होना है, लेकिन आज पर्यंत तक शिक्षा विभाग द्वारा अंतिम वरिष्ठता सूची जारी नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि अंतिम वरिष्ठता सूची जारी करने के बाद ही प्रस्ताव मंगाकर पदोन्नति का लाभ विभिन्न संवर्गों के शिक्षकों को दी जाए। विभिन्न संवर्गीय शिक्षक लगातार सेवानिवृत्ति होते जा रहे हैं। कई वर्षों से प्राचार्य पदोन्नति भी लंबित है। पदोन्नति की आस में बैठे हुए नियमित शिक्षक आगामी एक-दो वर्षों में अधिकांश सेवानिवृत्त हो चुके होंगे।

### प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर एक और उपलब्धि जुड़ना गर्व की बातः योगेश



**मैनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हाल में ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर 100 मिलियन होने पर गरियाबंद भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने कहा मोदी के नाम एक और उपलब्धि जुड़ना गर्व की बात है। 14 जुलाई को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पूर्व में ट्विटर पर 100 मिलियन यानि 10 करोड़ से अधिक फॉलोअर्स हो गए हैं। इसके साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबसे अधिक फॉलो किए जाने वाले ग्लोबल लीडर बन गए। श्री शर्मा ने कहा कि समूचा विश्व मोदी पर भरोसा कर रहा है, यह उपलब्धि न केवल भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अद्वितीय लोकप्रियता का बल्कि वैश्विक मंच पर उनकी महान राजनीतिक होने का भी प्रमाण है। यह प्रधानमंत्री मोदी के प्रति अटूट जन विश्वास और अपार लोक समर्थन को व्यक्त करती है।

# खबर का असर : टंकी से पेयजल दिलाने पीएचई के अधिकारी पहुंचे

**फिंगेश्वर।** ग्राम पेंड्रा के पानी टंकी से पानी दिलाने के निर्देश राजिम एसडीएम राजिम द्वारा दिये जाने पर पीएचई के अधिकारी कर्मचारी ग्राम पहुंचकर ठेकेदार की खबर ली। पेयजल की शीघ्र सप्लाई करने ठेकेदार को निर्देश दिये। जनपद अध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू भी शिकायत पर ग्राम पेंड्रा पहुंची।

ग्राम पंचायत पेंड्रा में पेयजल समस्या को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजिम को जनपद सभापति अर्चना डॉ. दिलीप साहू व ग्राम पंचायत सरपंच पवन खरे एवं पांचों द्वारा नवनिर्मित पानी टंकी में लीकेज के कारण पानी का टंकी मे नहीं चढ़ने एवं पानी सप्लाई नहीं होने पर जल संकट की समस्या गहराया हुआ था। जिसकी शिकायत अनुविभागीय अधिकारी अर्पिता पाठक राजिम को जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की थी। मामला को गंभीरता से लेते हुए एसडीओ नवीन साहू, सब इंजीनियर गोस्वामी आज पेंड्रा

**ठेकेदार की मनमानी से लोगों को नई टंकी से नहीं मिल रहा था पानी**




पेंड्रा की नई पानी टंकी में लीकेज, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पहुंच कर संबंधित ठेकेदार के उपर कार्यवाही करते हुए तत्काल रेपरिंग करने, रेलिंग गेट लगाने घरों तक घर नल लगाने, फटा हुआ पाइप सही लगाने का निर्देश दिया। वही ग्रामीणों द्वारा मोटर पंप कम एचपी के कारण टंकी मे पानी नही भरने का बातें कहीं। जिस पर साहू द्वारा ज्यादा एचपी पंप लगाने का निर्देश दिया गया। जनपद सभापति अर्चना साहू द्वारा पानी टंकी को घेरा करने का बात रखी। स्कूल प्रांगण में टंकी निर्माण होने से बच्चे वहीं खेलते हैं जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सारी बातों को गंभीरता से लेते हुए बाउंड्री कराने आश्वासन दिया गया। उक्त अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा साहू, जनपद सभापति अर्चना साहू, जनपद सदस्य राधे साहू, उपसरपंच तुलसी साहू, डॉ दिलीप साहू, जगन्नाथ साहू, पंच श्यामलाल निषाद, रेखलाल घृतलाहरे, सचिव पुलस्त साहू एव ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## पर्व : सावन की शुरूवात और समापन होगा सोमवार से

# 72 साल बाद सावन में बन रहा दुर्लभ संयोग, 22 से होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

72 साल बाद सावन में इस बार दुर्लभ संयोग बन रहा है। सावन का शुरूवात ही सोमवार से हो रहा है और समापन भी सोमवार को ही होगा। मतलब इस बार सावन में पूरे-पूरे पांच सोमवार पड़ रहा है। 22 एवं 29 जुलाई तथा 5,12 एवं 19 अगस्त। सावन के एक दिन पहले अर्थात 21 जुलाई रविवार को गुरूपूर्णिमा है और आखिरी सोमवार 19 अगस्त को रक्षाबंधन। सावन में पड़ने वाले त्योहार की बात करे तो 2 अगस्त को सावन-शिवरात्रि, 7 अगस्त को हरेली, 9 अगस्त को नागपंचमी और 19 अगस्त को रक्षाबंधन। सावन इस बार 29 दिनों का होगा।

■ आषाढ़ पूर्णिमा के बाद होगा सावन शुरू

मान्यता है कि सावन भोलेनाथ का प्रिय माह है। व्रत, उपवास, अभिषेक और पूजा करने वालों के लिए भोलेनाथ बहुत जल्द प्रसन्न हो जाते है। पूरी आस्था और श्रद्धा के साथ कई भक्त सावन में पूरे माह पूजा करते हुए भोलेनाथ को रिझाने के लिए शिवालय में पहुंचते है। अधिकतर महिलाएं, युवतियां पांच सोमवार का व्रत रखकर



भोलेनाथ को प्रसन्न करते हैं। तो लाखो की संख्या में शिवभक्त कलश में जल भरकर बोलबम का जयकारे करते हुए नंगे पैर सैकड़ो किमी पैदल चलते हुए भोलेनाथ के प्रसिद्ध दरबार में जल चढ़ाने जाते है। राजिम का कुलेश्वर महादेव मंदिर तीन नदियों के बीच है। बताया जाता है कि इस मंदिर में माता सीता ने शिवलिंग की स्थापना की थी। सावन में लाखों भक्त यहां पहुंचते हैं। महाशिवरात्रि को तड़के 4 बजे से आधी रात के बाद तक एक ही दिन में पांच लाख से अधिक शिवभक्त धक्का-मुक्की और रेलमपेल भीड़ के बीच दर्शन करते हैं। राजिम के इस सुप्रसिद्ध मंदिर के साथ ही 100 किमी के दायरे में पंचकोशी यात्रा का भी महत्व है। पांच-पांच कोश के अंतर में पांच शिव मंदिर है। श्रद्धालु पैदल चलते हुए दर्शन करते हैं।

**बुधादित्य, नवपंचम, गजकेसरी, कुबेर और शश सहित अन्य राजयोग बनेंगे :** पंडितों के मुताबिक पहला सोमवार को प्रीतियोग, आयुष्मान योग, सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। ग्रह और नक्षत्रों की स्थिति की बात करें तो कई राजयोगों का भी निर्माण हो रहा है। सावन के दौरान शुक्रादित्य, बुधादित्य, नवपंचम योग, गजकेसरी योग, कुबेर योग और शश योग जैसे राजयोग बन रहे है। भोलेनाथ का व्रत रख कर विधि विधान से मंत्रोच्चारण के बीच अभिषेक, दुग्धाभिषेक और पंचामृत अभिषेक करने वालो की मनोकामना पूरी होगी।

### राजिम व नवापारा में होता है सहस्त्रजलधाराभिषेक

सावन को लेकर इस बार शिवभक्तों में जमकर उत्साह का वातावरण राजिम एवं नवापारा शहर सहित पूरे आस-पास के सौ गांव में देखा जा रहा है। शिव मंदिरों की सजावट शुरू हो गई है। तोरण पताके लगाने की तैयारी की जा रही है। कांवरिए कलश में जल भरकर मंदिर तक पहुंचने का प्लान कर रहे है। अनेकों संगठन के लोग जल चढ़ाने आने-जाने वाले कांवड़ियों के लिए चाय, नाश्ता का इंतजाम के लिए रूपरेखा बना रहे हैं। भंडारे का भी आयोजन करने की तैयारी चल रही है। बता दें कि राजिम के बाबा गरीबनाथ महादेव मंदिर एवं नवापारा के श्रीराधाकृष्ण मंदिर में सहस्त्रजलधाराभिषेक होगा। सहस्त्रजलधाराभिषेक के लिए सीधे महानदी से बाल्टियों में जल लेकर मंदिर तक पहुंचाया जाता है और इसी जल से ही पंडितो के मंत्रोच्चारण के बीच अभिषेक करते हैं।

# स्कूल मैदान बारिश होने पर बना तालाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

नगर के हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं मिडिल स्कूल में झमाझम बारिश से मैदान तालाब बन गया। स्कूली बच्चे घुटने तक पानी को पार कर कक्षाओं में जाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। कई बार शाला प्रबंधन समिति द्वारा स्कूल मैदान को समतलीकरण करने की मांग की जा चुकी है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं देने के कारण बारिश में पानी भर जाता है। साथ ही इस पानी को पार कर बच्चों को कक्षाओं तक पहुंचना पड़ता है। मंगलवार को स्कूली छात्रों द्वारा स्वयं फावड़ा लेकर नाली बनाकर पानी निकासी बनाते रहे। ग्रामीणों ने मांग की है कि शासन, प्रशासन, स्थानीय ग्राम पंचायत तथा जनपद स्कूल मैदान से पानी निकासी की व्यवस्था बनाए।

■ छात्रों ने मिलकर निकाला पानी

### आदिम जाति कल्याण विभाग कर्मचारी संघ 19 को करेगा घेराव



**मुड़ागांव(कोरासी)।** आदिम जाति कल्याण विभाग कर्मचारी संघ ने अपनी लंबित मांगों को लेकर 19 जुलाई को संचालनालय का घेराव करने का निर्णय लिया है। जिसमें विभाग के पूरे प्रदेश के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी चरणबद्ध हड़ताल में सम्मिलित रहेंगे। गरियाबंद जिला अध्यक्ष डोमार बघेल, रायपुर संभाग अध्यक्ष डाक्टर सिन्हा ने जानकारी दी है कि एक दिवसीय हड़ताल मे जिले के आदिम जाति कल्याण विभाग के समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सामूहिक अवकाश लेकर शामिल रहेंगे।

# 3 ग्रामीणों को मिला श्रवण यंत्र



**फिंगेश्वर।** जनपद सदस्य दीपक साहू ने समाज कल्याण विभाग की ओर से श्रवण बाधित शंकर लाल घोघरे एवं तर्रा निवासी खेलावन साहू तथा भेड्री के मानसिंह को श्रवण यंत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य दीपक साहू ने कहा कि एक उम्र के बाद कानों में कम सुनाई देना एक स्वाभाविक कारण होता है। शंकरलाल घोघरे ने अपनी समस्या बताई तो समाज कल्याण विभाग विभाग के अधिकारी से संपर्क कर श्रवण यंत्र की व्यवस्था की गई और उसे श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। इसी प्रकार श्यामनगर में मित्र मंडली के साथ ग्राम तर्रा निवासी खेलावन साहू, जिनको सुनने में समस्या हो रही थी, इस परेशानी से निजात दिलाने उन्हें भी श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। उन्होंने कहा जरूरतमंदों की सेवा ही मेरे जीवन का मूलमंत्र और जीवन का ध्येय रहा है। मेरे निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम भेंडरी निवासी वृद्ध मानसिंह साहू विगत वर्षों से श्रवनबाधा के कारण सुनने में असमर्थ थे। उन्हें भी शासन की योजना के तहत श्रवणयंत्र तथा चलने में सहयोग हेतु छड़ी प्रदान कर आत्मीय संतुष्टि हुई है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत भेंडरी के सरपंच मोहन साहू, रोहित साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।



### गुरु वही जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाय : पं. भूपेन्द्र

**फिंगेश्वर।** नगर और क्षेत्र में 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा। इस संबंध में व्यास पं. भूपेंद्र धर दीवान ने गुरूपूर्णिमा का महत्व बताते हुए कहा कि गुरुपूर्णिमा का अलग-अलग क्षेत्रों में आयोजन होता हैं। लोग अपने अपने गुरु के द्वार पहुंचते हैं और अपने गुरुवर से आशीर्वाद लेते हैं। गुरुपूर्णिमा के संदर्भ में पंचकोशी धाम फिंगेश्वर के पं. भूपेंद्र धर दीवान ने कहा कि गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। भगवान व्यास नारायण का भी प्राकट्य दिवस है, जिन्होंने पंचम वेद महाभारत, चतुर्वेद व पुराणों सहित कई ग्रंथों की रचना की है। पं. दीवान ने कहा कि सद्गुरु द्वारा सृष्टि नहीं दृष्टि बदली जाती है। माता-पिता के द्वारा दो नेत्र प्रदान किये जाते हैं। भगवान भोलेनाथ के तीन नेत्र हैं। आप हम सब के दो ही नेत्र हैं, पर तीसरा नेत्र भी हमारे पास है, जिसे कहते हैं ज्ञान की दृष्टि। जो समर्पित भाव को लेकर गुरुदेव के चरणों में पूर्ण शरणागति को स्वीकार करने से गुरुदेव भगवान द्वारा प्रदत्त की जाती है जिसे ज्ञान चक्षु कहते हैं। गुरु द्वारा सृष्टि नहीं दृष्टि बदली जाती हैं। जिस ज्ञान की प्राप्ति के पश्चात मोह उत्पन्न न हो, दुखों का शमन हो जाय तथा पारब्रम्ह अर्थात स्वयं के स्वरूप की अनुभूति हो जाय।



## शासन से सहयोग की आस में परिवार

# दिव्यांग निलेश्वरी हाईस्कूल की पढ़ाई करना चाहती है, पर अब आ रही बाधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

एक किलोमीटर पारा बेलडीही निवासी स्व. लीला राम ठाकुर के पुत्री कुमारी निलेश्वरी बचपन से बोल नहीं सकती, पर सुन लेती है। उसने कक्षा पहली से पांचवीं तक अपने ही पारा के स्कूल में पढ़कर पास हुई। छठवीं पढ़ने के लिए 1 किलोमीटर दूर माध्यमिक शाला रसेला जाती थी। अब आठवीं पास कर लिया है। इस वर्ष कक्षा नवमीं में ऐडमिशन लेकर पढ़ाई की शुरुआत करेगी। निलेश्वरी के भाई नूतन ने बताया कि हम लोग 3 भाई और एक बहन है। निलेश्वरी बचपन से ही पढ़ाई- लिखाई पर विशेष ध्यान देती थी, इसलिए माता पिता कुछ कर गुजरने की ललक को देखकर स्कूल भेजने के लिए मजबूर कर दिया। गांव में रहकर अन्य बच्चों की तरह ही रहते



हैं। लेकिन अभी तक शासन की किसी भी योजना का लाभ इन तक पहुंच नहीं पाया है। 12 वीं तक पढ़ाई करने और अपने पैरों में खड़े होने की इच्छा के चलते शासन से आगे की पढ़ाई करवाने के लिए परिवार ने गुहार लगाई है।

### सरकार की मदद मिल जाती तो बच्ची का जीवन संवार जाताः मां

ज्ञात हो कि बेलडीही से रोज स्कूल आने के लिए निलेश्वरी को 1 किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है। बचपन से ही खेतिहर माता- पिता से आगे पढ़ने की ज़िद करती थी। पिता के गुजरने के बाद इनकी सारी परवरिश मां के ऊपर आ गई, फिर भी अपनी बच्ची को पढ़ाने में मा पीछे नहीं हटी। मां ने कहा कि बेटी की पढ़ाई लिखाई की चिंता सताती है। शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान नहीं देना या योजना का लाभ मिल जाता तो बच्ची का जीवन संवार जाता।

